**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में निर्वाचित सरकार का सबसे अधिक समय तक नेतृत्व करने वाले शासनाध्यक्ष बनकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य सरकार के चार साल पूरे होने के अवसर पर कहा– सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध।
- देहरादून के परेड ग्राउंड में कल 'जन–जन की सरकार, चार साल बेमिसाल' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देश–विदेश के लोगों से ऋषिकेश और हरिद्वार में योग तथा आध्यात्मिक अनुभूति से जुड़ने का आह्वान किया।

पीएम मोदी कार्यकाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में किसी निर्वाचित सरकार का सबसे अधिक समय तक नेतृत्व करने वाले शासनाध्यक्ष बन गए हैं। श्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के तौर पर संयुक्त रूप से 8 हजार 931 दिन का कार्यकाल पूरा कर लिया है। श्री मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिनका जन्म स्वतंत्रता के बाद हुआ है और लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव जीते हैं। यूट्यूब चैनल पर प्रधानमंत्री मोदी के तीन करोड़ से अधिक फॉलोअर्स हैं और वे सबसे अधिक फॉलोअर वाली राजनीतिक हस्तियों में शामिल हैं। इस वर्ष फरवरी में इंस्टाग्राम पर श्री मोदी के फॉलोअर्स की संख्या 10 करोड़ से अधिक हो गई है जो दुनिया के किसी भी सेवारत राजनेता से कहीं अधिक है।

**धामी सरकार के चार साल**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर प्रदेशवासियों का धन्यवाद किया है।

जनता के नाम अपने संदेश में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल की हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने 'जनकल्याण सर्वोपरि' की भावना के साथ कार्य करते हुए हर वर्ग के कल्याण को प्राथमिकता दी है और आगे भी सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनता का स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद आगे भी मिलता रहेगा। इस बीच, राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर कल राजधानी देहरादून के परेड ग्राउंड में 'जन–जन की सरकार, चार साल बेमिसाल' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के आवागमन को देखते हुए पुलिस ने देहरादून में विशेष यातायात योजना लागू की है। इस बीच, राज्य के अन्य जिलों में भी इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य सरकार के विकास कार्यों औरं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाना है। साथ ही पात्र लाभार्थियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से आच्छादित करना है।

अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव–2026

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने देश–विदेश के लोगों से ऋषिकेश और हरिद्वार में योग तथा आध्यात्मिक अनुभूति से जुड़ने का आह्वान किया है। वे आज ऋषिकेश में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव–2026 के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह केवल समापन समारोह नहीं, बल्कि एक नए संकल्प का श्रीगणेश है, जिसके माध्यम से योग का संदेश सम्पूर्ण मानवता तक पहुँचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमालय की पावन गोद और माँ गंगा के तट पर स्थित ऋषिकेश विश्व में आध्यात्मिक चेतना और साधना का प्रमुख केंद्र है।

राज्यपाल ने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा की एकता का माध्यम है। यह केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक विधा है। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में आनंद, शांति और आध्यात्मिक संतुलन प्राप्त करना है, तो योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की विशेष जिम्मेदारी है कि वह योग और आयुर्वेद के संदेश को वैश्विक स्तर पर प्रसारित करे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में योग आज वैश्विक जन–आंदोलन बन चुका है और यह भारत की 'सॉफ्ट पावर' का सशक्त प्रतीक है।

**कच्चा तेल**

रूस से कच्चा तेल लेकर एक और समुद्री जहाज एक्वा टाइटन कर्नाटक के मेंगलुरु पहुंच गया है। अमरीका ने वैश्विक ईंधन कीमतों को स्थिर करने के लिए, समुद्र में फंसे रूसी कच्चे तेल की बिक्री की अनुमति दी थी। अमरीका से एलपीजी को लेकर एक और जहाज पाइक्सिस पायनियर मेंगलुरु बंदरगाह पर पहुंच गया है। इस सप्ताह, होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर 'नंदा देवी' गुजरात के वडीनार बंदरगाह पर और 'शिवालिक' टैंकर मुंद्रा बंदरगाह पहुंचा था।

गैस वितरण रोस्टर

चम्पावत जिले में उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोस्टर जारी किया गया है। लोहाघाट गैस सर्विस के प्रबंधक उमेश सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज खेतीखान से इसकी शुरुआत की गई है, जबकि कल से हथरंगिया, जीजीआईसी, ट्रेजरी, ढेरनाथ और अन्य स्थानों पर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरित किए जाएंगे। साथ ही गैस संबंधी किसी भी जानकारी के लिए उपभोक्ता 75 88 88 88 24 पर संपर्क कर सकते हैं। उधर, पौड़ी जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति को पारदर्शी और सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासन ने निगरानी तंत्र को और सशक्त कर दिया है। इसी क्रम में जिला प्रशासन तथा खाद्य और आपूर्ति विभाग के दलों ने विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ सघन निरीक्षण अभियान चलाया।

राज्यपाल

राज्यपाल गुरमीत सिंह से आज देहरादून स्थित लोक भवन में समुद्री और सामरिक क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने वर्तमान में चल रहे मध्य–पूर्व एशिया में भू–राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा की। राज्यपाल ने इस संदर्भ में भारत के संतुलित, शांतिपूर्ण और रणनीतिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत सदैव वैश्विक शांति, स्थिरता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। बैठक में सामरिक जागरूकता, समुद्री सुरक्षा तथा राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

पीआईबी टूर

उड़ीसा में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण परियोजनाओं और विकास कार्यों का अवलोकन करने के उद्देश्य से उत्तराखंड के पत्रकारों का 15 सदस्यीय दल आज देहरादून से उड़ीसा पहुंच गया है। देहरादून स्थित प्रेस सूचना ब्यूरो के तत्वावधान में इस टूर का आयोजन किया गया है। इस प्रेस टूर में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के साथ ही स्वतंत्र पत्रकारों को भी शामिल किया गया है। प्रेस टूर के संचालन अधिकारी संजीव सुंद्रियाल ने कहा कि यह टूर उत्तराखंड के पत्रकारों को केंद्र सरकार की विकास परियोजनाओं से

जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने बताया कि इस प्रेस टूर का उद्देश्य पत्रकारों को राष्ट्रीय महत्व की विभिन्न परियोजनाओं, संस्थानों और गतिविधियों का जमीनी स्तर पर प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना है।

चैत्र नवरात्रि

प्रदेशभर में चैत्र नवरात्रि का पर्व पूरे श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है। प्रमुख शक्तिपीठों सहित प्रदेश के अन्य देवी मंदिरों में भजन—कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

वहीं, हरिद्वार से करीब सात किलोमीटर दूर रानीपुर के घने जंगलों में स्थित सिद्धपीठ मां सुरेश्वरी देवी मंदिर में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सूरकूट पर्वत पर विराजमान मां सुरेश्वरी के दर्शन के लिए भक्त कठिन रास्तों को पार कर मंदिर में पहुंचकर विधि—विधान से पूजा—अर्चना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

मान्यता है कि मां कूष्मांडा ने अपनी मंद मुस्कान से पूरे ब्रह्मांड की रचना की थी, इसी कारण उन्हें कूष्मांडा कहा जाता है। मंदिर के मुख्य पुजारी कीर्ति बल्लभ तिवारी के अनुसार, नवरात्रि के दौरान देवी के विभिन्न स्वरूपों की आराधना से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

## फूलदेई महोत्सव

बसंत आगमन पर चैत्र माह की संक्रांति से आठ दिन तक चलने वाले उत्तराखंड के बाल पर्व फूलदेई महोत्सव के तहत घोघा जातरा प्रतियोगिता का आयोजन अगस्त्यमुनि में किया गया। इस दौरान बच्चों ने बुरांश, फ्यूली सहित विभिन्न फूलों से सजी फुलकांडी और घोघा डोली लेकर फूलदेई के लोकगीतों के साथ प्रभात फेरी निकाली।